हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 16 जून 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

हरियाणा विधान सभा परिसर मे आज सुबह 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण, विधायकों, योग आयोग के अध्यक्ष योगाचार्य डॉ. जयदीप आर्य, उपाध्यक्ष डॉ. रोशन लाल व हरियाणा विधान सभा के अधिकारियों और कर्मचारियों ने योगाभ्यास किया। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से भारत की सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विरासत योग को पूरे विश्व ने अपनाया है और सभी इससे लाभान्वित भए हो रहे हैं।

****

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कल जींद जिले के नरवाना में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की करोड़ों रुपये की परियोजनाओं का उद्‌घाटन एवं शिलान्यास किया।

इस अवसर पर उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत लगभग 70 लाख रुपये की लागत से निर्मित अत्याधुनिक जल परीक्षण प्रयोगशाला का उद्‌घाटन किया तथा 3 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनने वाले जन स्वास्थ्य विभाग के नए कार्यालय भवन का शिलान्यास किया।

श्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में जनहित एवं विकास कार्यों को प्राथमिकता देते हुए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर घर तक स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल पहुंचाने के संकल्प को धरातल पर उतारा गया है। अब इस जल की गुणवत्ता को सुनिश्चित करने के लिए उपमंडल स्तरीय आधुनिक जल परीक्षण प्रयोगशालाओं की स्थापना की है। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक और उन्नत उपकरणों से सुसज्जित यह प्रयोगशाला क्षेत्र के लोगों को बेहतर एवं त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। प्रयोगशाला में स्वच्छ कार्य वातावरण, आधुनिक सुरक्षा प्रबंध तथा कर्मचारियों के लिए बेहतर प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं। इससे जल गुणवत्ता की जांच अधिक सटीक, पारदर्शी और समयबद्‌ध तरीके से की जा सकेगी।

****

12 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में पलवल में आयुष विभाग द्वारा आगरा चौक से नेताजी सुभाषचंद्र बोस इंडोर स्टेडियम तक योग मैराथन का आयोजन किया गया। एसडीएम भूपेंद्र सिंह ने योग मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मैराथन में स्काउट्स एवं गाइड्स सहित विभिन्न सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्थाओं के सदस्य उत्साहपूर्वक भाग लिया।

जिला आयुष अधिकारी डा. हमीदुल्लाह ने कहा कि योग मैराथन का मकसद लोगों को योग के प्रति जागरूक करना है।

****

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में अंबाला में भी आयुष विभाग द्वारा सुबह योग मैराथन का आयोजन किया गया। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. संजय राजपाल ने बताया कि योग मैराथन सुबह 6 बजे पुलिस लाइन ग्राउंड से शुरू हुई। रैली जेल मार्ग , हर्बल पार्क और पुलिस चौकी के सामने से होकर पुनः पुलिस लाइन मैदान में संपन्न हुई।मैराथन में अंबाला के एसडीएम तथा अन्य प्रशासनिक अधिकारियों और करीब 350 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

****

चण्डीगढ़ के सबसे पुराने और व्यस्त बाजारों में शामिल सेक्टर-19 सी की मार्किट के कारोबारियों ने बाजार में बेहतर निगरानी के लिए पुलिस कंट्रोल रूम से सीधे जुड़े हाई-टेक सीसीटीवी कैमरे लगाने, नियमित पुलिस गश्त बढ़ाने तथा व्यस्त कारोबारी समय में अतिरिक्त पुलिस बल और पीसीआर तैनात करने की मांग की है।

स्थानीय पुलिस अधिकारियों द्वारा कारोबारियों के साथ की गई बैठक के दौरान उन्होंने क्षेत्र में कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा संबंधी कई मुद्दों को पुलिस अधिकारियों के समक्ष रखा।

व्यापारियों के अनुसार बाजार के पीछे स्थित क्षेत्र और सार्वजनिक शौचालय के आसपास नियमित निगरानी की मांग की गई है। व्यापारियों का कहना है कि यहां कुछ लोग शराब के सेवन और जुए जैसी गतिविधियों में लिप्त रहते हैं, जिससे बाजार का माहौल प्रभावित होता है तथा ग्राहकों और परिवारों के आने-जाने में असुविधा होती है।

मार्केट कमेटी ने कब्जों और अवैध रेहड़ी-फड़ी विक्रेताओं की समस्या भी उठाई। उनका कहना है कि कई अवैध विक्रेता पूरे दिन बाजार क्षेत्र में कब्जा जमाए रखते हैं और नगर निगम की कार्रवाई की सूचना मिलते ही वहां से हट जाते हैं। मार्केट कमेटी के पदाधिकारियों ने कहा कि इन मुद्दों को पहले भी कई बार संबंधित विभागों के समक्ष उठाया गया है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

****